मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-117
09/03/2021

विश्वस्तरीय विद्यापति महापर्व समारोह में शामिल होने के लिये अखिल भारतीय एकता मंच ने मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

पटना, 09 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से विधानमंडल परिसर स्थित प्रतीक्षालय कक्ष में अखिल भारतीय एकता मंच के अध्यक्ष श्री उदय सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बेंगलुरु में आयोजित होने वाले विश्वस्तरीय विद्यापति महापर्व समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड में 14 मार्च 2021 को विद्यापति महापर्व समारोह का आयोजन हो रहा है जिसको लेकर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र सौंपा। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने मुख्यमंत्री को माला, पाग एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री संजय झा, पूर्व विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, श्री हरिश्चंद्र झा, श्री अभिषेक ब्रह्मर्षि, श्री उज्ज्वल कुमार, श्री प्रजेश झा, श्री डी0एन0 झा, श्री विपिन ब्रह्मर्षि एवं श्री शंकरानंद मिश्रा उपस्थित थे।

******